# रविदास चालीसा in Hindi

॥ दोहा ॥

बंदौं वीणा पाणि को,देहु आय मोहिं ज्ञान।
पाय बुद्धि रविदास को,करौं चरित्र बखान॥

मातु की महिमा अमित है,लिखि न सकत है दास।
ताते आयों शरण में,पुरवहु जन की आस॥

॥ चौपाई ॥

जै होवै रविदास तुम्हारी।कृपा करहु हरिजन हितकारी॥
राहू भक्त तुम्हारे ताता।कर्मा नाम तुम्हारी माता॥

काशी ढिंग माडुर स्थाना।वर्ण अछूत करत गुजराना॥
द्वादश वर्ष उम्र जब आई।तुम्हरे मन हरि भक्ति समाई॥

रामानन्द के शिष्य कहाये।पाय ज्ञान निज नाम बढ़ाये॥
शास्त्र तर्क काशी में कीन्हों।ज्ञानिन को उपदेश है दीन्हों॥

गंग मातु के भक्त अपारा।कौड़ी दीन्ह उनहिं उपहारा॥
पंडित जन ताको लै जाई।गंग मातु को दीन्ह चढ़ाई॥

हाथ पसारि लीन्ह चौगानी।भक्त की महिमा अमित बखानी॥
चकित भये पंडित काशी के।देखि चरित भव भय नाशी के॥

रत्न जटित कंगन तब दीन्हाँ।रविदास अधिकारी कीन्हाँ॥
पंडित दीजौ भक्त को मेरे।आदि जन्म के जो हैं चेरे॥

पहुँचे पंडित ढिग रविदासा।दै कंगन पुरइ अभिलाषा॥
तब रविदास कही यह बाता।दूसर कंगन लावहु ताता॥

पंडित जन तब कसम उठाई।दूसर दीन्ह न गंगा माई॥

तब रविदास ने वचन उचारे।पडित जन सब भये सुखारे॥

जो सर्वदा रहै मन चंगा।तौ घर बसति मातु है गंगा॥
हाथ कठौती में तब डारा।दूसर कंगन एक निकारा॥

चित संकोचित पंडित कीन्हें।अपने अपने मारग लीन्हें॥
तब से प्रचलित एक प्रसंगा।मन चंगा तो कठौती में गंगा॥

एक बार फिरि परयो झमेला।मिलि पंडितजन कीन्हों खेला॥
सालिग राम गंग उतरावै।सोई प्रबल भक्त कहलावै॥

सब जन गये गंग के तीरा।मूरति तैरावन बिच नीरा॥
डूब गईं सबकी मझधारा।सबके मन भयो दुःख अपारा॥

पत्थर मूर्ति रही उतराई।सुर नर मिलि जयकार मचाई॥
रहयो नाम रविदास तुम्हारा।मच्यो नगर महँ हाहाकारा॥

चीरि देह तुम दुग्ध बहायो।जन्म जनेऊ आप दिखाओ॥
देखि चकित भये सब नर नारी।विद्वानन सुधि बिसरी सारी॥

ज्ञान तर्क कबिरा संग कीन्हों।चकित उनहुँ का तुम करि दीन्हों॥
गुरु गोरखहि दीन्ह उपदेशा।उन मान्यो तकि संत विशेषा॥

सदना पीर तर्क बहु कीन्हाँ।तुम ताको उपदेश है दीन्हाँ॥
मन महँ हार्यो सदन कसाई।जो दिल्ली में खबरि सुनाई॥

मुस्लिम धर्म की सुनि कुबड़ाई।लोधि सिकन्दर गयो गुस्साई॥
अपने गृह तब तुमहिं बुलावा।मुस्लिम होन हेतु समुझावा॥

मानी नाहिं तुम उसकी बानी।बंदीगृह काटी है रानी॥
कृष्ण दरश पाये रविदासा।सफल भई तुम्हरी सब आशा॥

ताले टूटि खुल्यो है कारा।माम सिकन्दर के तुम मारा॥
काशी पुर तुम कहँ पहुँचाई।दै प्रभुता अरुमान बड़ाई॥

मीरा योगावति गुरु कीन्हों।जिनको क्षत्रिय वंश प्रवीनो॥
तिनको दै उपदेश अपारा।कीन्हों भव से तुम निस्तारा॥

॥ दोहा ॥

ऐसे ही रविदास ने,कीन्हें चरित अपार।
कोई कवि गावै कितै,तहूं न पावै पार॥

नियम सहित हरिजन अगर,ध्यान धरै चालीसा।
ताकी रक्षा करेंगे,जगतपति जगदीशा॥

# Ravidas Chalisa in English

**Dohā**

**Bandon vīṇā pāṇi ko, dehu āya mohi gyān |**
**Pāya buddhi Ravidās ko, karauṁ charitra bakhān ||**

**Mātu kī mahimā amit hai, likhi na sakat hai dās |**
**Tāte āyoṁ sharaṇ meṁ, puravahu jan kī ās ||**

**Chaupāī**

**Jai hovaī Ravidās tumhārī |**
**Kṛpā karahu Harijan hitkārī ||**
**Rāhū bhakt tumhāre tātā |**
**Karmā nām tumhārī mātā ||**

**Kāshī ḍhiṅ māḍur sthānā |**
**Varṇ achhūt karat gujarānā ||**
**Dwādash varṣ umr jab āī |**
**Tumhare man Hari bhakti samāī ||**

**Rāmānand ke shiṣya kahāye |**
**Pāya gyān nij nām baḍhāye ||**
**Shāstra tark Kāshī meṁ kīnhō |**
**Gyānin ko upadesh hai dīnhō ||**

**Gang Mātu ke bhakt apārā |**
**Kaurī dīnh unhin upahārā ||**
**Paṇḍit jan tāko lai jāī |**
**Gang Mātu ko dīnh chaḍhāī ||**

**Hāth pasāri līnh chaugānī |**
**Bhakt kī mahimā amit bakhānī ||**
**Chakit bhaye paṇḍit Kāshī ke |**
**Dekhi charitra bhav bhay nāshī ke ||**

**Ral jaṭit kaṅgan tab dīnhā |**
**Ravidās adhikārī kīnhā ||**
**Paṇḍit dījau bhakt ko mere |**
**Ādi janm ke jo haiṁ chere ||**

**Pahūnche paṇḍit ḍhig Ravidāsā |**
**Dai kaṅgan purai abhilāsā ||**
**Tab Ravidās kahī yah bātā |**
**Dūsar kaṅgan lāvhū tātā ||**

**Paṇḍit jan tab kasam uṭhāī |**
**Dūsar dīnh na Gangā māī ||**
**Tab Ravidās ne vachan uchāre |**
**Paṇḍit jan sab bhaye sukhāre ||**

**Jo sarvadā rahai man changā |**
**Tau ghar basati Mātu hai Gangā ||**
**Hāth kaṭhautī meṁ tab ḍārā |**
**Dūsar kaṅgan ek nikārā ||**

**Chit saṅkochit paṇḍit kīnhēṁ |**
**Apne apne mārg līnhēṁ ||**
**Tab se prachalit ek prasangā |**
**Man changā to kaṭhautī meṁ Gangā ||**

**Ek bār phiri paryo jhamelā |**
**Mili paṇḍitjan kīnhōṁ khelā ||**
**Sālig Rām Gang utarāvai |**
**Soī prabal bhakt kahalāvai ||**

**Sab jan gaye Gang ke tīrā |**
**Mūrti tairāvan bich nīrā ||**
**Ḍūb gaīṁ sabkī majhadhārā |**
**Sabke man bhayo duḥkh apārā ||**

**Patthar mūrti rahi utarāī |**
**Sur nar mili jaykār machāī ||**

**Rahyo nām Ravidās tumhārā |**
**Machyo nagar maṁ hāhākārā ||**

**Chīri deh tum dugdh bahāyo |**
**Janm janeū āp dikhāyo ||**
**Dekhi chakit bhaye sab nar nārī |**
**Vidvānan sudhi bisrī sārī ||**

**Gyān tark Kabirā saṅg kīnhō |**
**Chakit unhun kā tum kari dīnhō ||**
**Guru Gorakhahi dīnh upadeshā |**
**Un mānyo taki sant vishesha ||**

**Sadnā Pīr tark bahu kīnhā |**
**Tum tāko upadesh hai dīnhā ||**
**Man maṁ hāryo Sadan kasāī |**
**Jo Dillī meṁ khabari sunāī ||**

**Muslim dharm kī suni kubṛāī |**
**Lodhi Sikandar gayo gussāī ||**
**Apne gṛh tab tumhiṁ bulāvā |**
**Muslim hon hetu samujhāvā ||**

**Mānī nāhiṁ tum uski bānī |**
**Bandīgṛh kāṭī hai rānī ||**
**Kṛṣṇ daras pāye Ravidāsā |**
**Safal bhaī tumharī sab āshā ||**

**Tāle ṭūṭi khulyo hai kārā |**
**Mām Sikandar ke tum mārā ||**
**Kāshī pur tum kahṁ̐ pahuṁchāī |**
**Dai prabhutā arumān baṛhāī ||**

**Mīrā Yogāvatī Guru kīnhō |**
**Jinko kṣatriya vaṁsh pravīno ||**
**Tinko dai upadesh apārā |**
**Kīnhō bhav se tum nistārā ||**

**Dohā**

**Aise hī Ravidās ne, kīnhēṁ charit apār |**
**Koī kavi gāvai kitai, tahūṁ na pāvai pār ||**

**Niyam sahit Harijan agar, dhyān dharai chālīsā |**
**Tākī rakṣā karenge, Jagatpati Jagadīshā ||**